Reg. No. : ....

Name : ....

SY-515

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2023

Part – III

HINDI (Optional)

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूचना : कवितांश पढ़ें और **1** से **3** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दो हाथियों का

लड़ना

सिर्फ दो हाथियों के समुदाय से

संबंध नहीं रखता।

दो हाथियों की लड़ाई में

सबसे ज्यादा कुचली जाती है

घास, जिसका

हाथियों के समूचे कुनबे से

कुछ भी लेना-देना नहीं।

P.T.O.

ज़ंगल से भूखी लौट जाती है

गाय

और भूखा सो जाता है

घर में बच्चा

दो हाथियों के

चार दाँतों और आठ पैरों द्वारा

सबसे ज़्यादा घायल होती है।

बच्चों की नींद,

सबसे अधिक असुरक्षित होता है

हमारा भविष्य।

1. इस कवितांश के कवि कौन हैं ? **(1)**

(उदय प्रकाश, सच्चिदानंदन, अज्ञेय)

2. 'जंगल से भूखी लौट जाती है' कौन ? **(1)**

3. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**

4. सही मिलान करें। **(4 × 1 = 4)**

अलबम	–	कविता
साँप	–	कहानी
एक अंतरंग परिचय	–	डायरी
वास्तव में घर एक पाठशाला है	–	जीवनी

DITTO WS

सूचना : 'खोई हुई वस्तु की खोज' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

एक बार मैंने नई पुस्तक मोल ली । दूसरे दिन घर का कोना-कोना छान डाला । रसोई-घर भी न छोड़ा । घर-भर के सभी लोगों ने हलचल मचा दी । ढूँढ़ते-ढूँढ़ते कई दवातें उड़ेल दीं, औषधि की शीशियाँ फोड़ दीं, जिन पत्रों का उत्तर देना रह गया था, उन्हें पुरानी चिट्ठियों में और जो पुरानी थीं उन्हें नई चिट्ठियों में मिला दिया, पुस्तकों की पेटियों में कपड़े और कपड़े की पेटियों में पुस्तकें डाल दीं । सब कुछ किया, पर पुस्तक न मिली । परीक्षा निकट थी । फिर दूसरी पुस्तक मोल लेने लपका ।

5. क्रिया-विशेषण शब्द चुनकर लिखें । **(1)**

(फिर, पुस्तक, दिन)

6. "दूसरे दिन घर का कोना-कोना छान डाला ।' लेखक ने ऐसा क्यों किया ? **(1)**

7. खोई हुई पुस्तक की खोज में घर के लोगों ने क्या-क्या हलचल मचा दी ? **(2)**

8. उचित शीर्षक के साथ खंड का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 9 से **12** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । **(2 × 2 = 4)**

9. संस्मरण से क्या तात्पर्य है ?

- स्मरण करना
- अतीत की स्मृतियों का वर्णन

10. द्विवेदी युगीन दो लेखकों के नाम लिखें ।

11. एकांकी साहित्य की दो विशेषताएँ लिखें।

- पाश्चात्य साहित्य की देन
- एक ही घटना

12. छायावाद के दो कवियों के नाम लिखें।

सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें। **(3 × 4 = 12)**

13. जीवन–वृत्त पढ़ें और निराला के बारे में एक अनुच्छेद लिखें :

		जीवन–वृत्त
नाम	:	सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
जन्म	:	1896 पश्चिम बंगाल
जन्मस्थान	:	मिथिनापुर
रचनाएँ	:	परिमल, गीतिका, राम की शक्ति पूजा, अणिमा
विशेषताएँ	:	प्रकृति के प्रति समभावना
		सर्वहारा के प्रति समानुभूति
मृत्यु	:	1961, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश

14. निबंध साहित्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

- सबसे लचीली विधा
- सीमित रचना

DITTO WS

15. भारत में मान्यता प्राप्त कितनी भाषाएँ हैं ? वे कौन-कौन सी हैं ? 'राजभाषा और राष्ट्रभाषा' पाठ के आधार पर लिखें ।

16. कहानी की परिभाषा पाठ भाग से छाँटकर लिखें ।

- आकर्षक
- मनोरंजन का साधन

सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

17. सितंबर 14 को स्कूल में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाने का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

- उद्घाटन समारोह
- हिंदी दिवस – संगोष्ठी
- विविध प्रतियोगिताएँ

18. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें ।

Drug addiction is a common problem these days. Drugs offer an instant pleasure and relief from stress. Short-term pleasure caused by the use of drugs can lead to serious long term problems.

[Drug - नशीली दवा, Addiction - मादक पदार्थों की लत, Common - सामान्य, Instant - तुरंत, Pleasure - आनंद, Short term - लघु अवधि]

19. शादीराम जानता था कि यजमानजी झूठ बोल रहे हैं । परंतु वे उन्हें पहले की अपेक्षा अधिक सज्जन, अधिक उपकारी और अधिक ऊँचा समझने लगे थे । पंडितजी के उस दिन की डायरी लिखें ।

- अलबम सिरहाने पर देखना
- सेठ के प्रति बढ़ता आदर
- कर्ज़ न चुका सकने पर आत्मग्लानि

20. संस्मरण और रेखाचित्र का अंतर क्या है ?

- ठीक ढंग से स्मरण करना
- यथार्थ का अनुभव
- व्यक्तित्व की स्पष्टता

सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । **(3 × 8 = 24)**

21. नाटक साहित्य के विकास पर लेख लिखें ।

- भारतेन्दु पूर्व युग
- भारतेन्दु युग
- द्विवेदी युग

22. आधुनिक हिंदी साहित्य के खड़ीबोली साहित्य की विकास यात्रा पर आलेख लिखें ।

- खड़ीबोली गद्य का उद्भव
- फोर्ट विलियम कॉलेज का योगदान
- प्रमुख रचनाएँ

23. 'किसी भाषा को स्वीकार करना या न करना अब व्यक्ति की आवश्यकता की बात है ।' नंददुलारे वाजपेयी का निबंध 'राजभाषा और राष्ट्रभाषा' के आधार पर हिंदी भाषा के महत्त्व पर एक भाषण तैयार करें ।

- बोलचाल के रूप में हिंदी
- हिंदी की लोकप्रियता
- देश की प्रगति और हिंदी

24. उपन्यास साहित्य पर एक संगोष्ठी आलेख लिखें ।

- अंग्रेज़ी के नॉवल शब्द का पर्याय
- वास्तविक जीवन की काल्पनिक कथा
- मानव चरित्र पर प्रकाश